AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : नैक में ए++ लाने पर राज्यपाल ने किया सम्मानित

कहा- अन्य विश्वविद्यालयों से भी साझा करें की गईं तैयारियों की जानकारियां, प्रदेश के विश्वविद्यालयों में देश को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता

माई सिटी रिपोर्टर

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व टीम को किया सम्मानित। -संवाद

लखनऊ। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की नैक टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह खुशी का विषय है कि लविवि नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड लाने वाला राज्य का पहला विवि बना है। विवि अपनी नैक के लिए की गई तैयारियों को अन्य विश्वविद्यालयों से भी साझा करे।

उन्होंने कहा कि टीम वर्क से ही विवि को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के सभी सातों मापदंडों की तैयारी के लिए गठित कमेटी के प्रत्येक सदस्य से तैयारी के अनुभवों, व्यवहार में लाई गतिविधियों, नवाचारों और कार्य प्रतिबद्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा, टीम के सभी सदस्य अपनी तैयारियों और कार्य व्यवहारों को लिखित रूप में भी प्रस्तुत करें, एक बुकलेट बनवाएं और प्रदेश के संसाधनों तथा पैसे की कमी से या जानकारियों के अभाव में पिछड़ रहे अन्य विश्वविद्यालयों का स्तर सुधारने के लिए दिशा-निर्देश दें। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में देश को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल को देते हुए कहा कि प्रदेश में उनके द्वारा विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का यह परिणाम है कि अब राज्य विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में अग्रणी श्रेणियों को प्राप्त करने लगे हैं। बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसे राज्यपाल के निर्देशन में बेहतर टीम वर्क के साथ अथक मेहनत का परिणाम बताया।

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: 12 अगस्त तक आवेदन करें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि को 12 अगस्त तक बढ़ा दिया है। स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जुलाई थी। जिसे शनिवार को 12 अगस्त के लिए विस्तारित कर दिया गया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सीबीएसई और आईएससी 12 वीं के परिणाम अभी जल्दी ही घोषित हुए है इसलिए छात्रहित में निर्णय लेते हुए आवेदन तिथि को बढ़ाया गया है।

एलयू: बीकॉम की परीक्षाएं शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय में 29 जुलाई से चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। शनिवार से बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई।

राजभवन के प्रज्ञा कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय नैक टीम के सभी सदस्यों को शनिवार को राज्यपाल ने सम्मानित किया।

दूसरों को भी बताएं कैसे मिला नैक: राज्यपाल

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन के प्रज्ञा कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय नैक टीम के सभी सदस्यों को मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कमेटी के सदस्यों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के लिए प्रेरित किया जिससे वे भी उत्कृष्ट श्रेणी हासिल कर सकें। राज्यपाल ने प्रसन्नता जताई कि एलयू नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' की सशक्त भावना के साथ टीम वर्क करके ही यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी।

उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्य अपनी तैयारियों और कार्य व्यवहारों को लिखित रूप में भी प्रस्तुत करें जिससे एक बुकलेट बनवाकर प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों का स्तर सुधारने में सहायता मिले। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल को देते हुए कहा कि प्रदेश में उनके द्वारा गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का यह परिणाम है कि अब राज्य विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में अग्रणी श्रेणियों को प्राप्त करने लगे हैं।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसे राज्यपाल के निर्देशन में टीम वर्क से मेहनत का परिणाम बताया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

विश्वविद्यालयों का स्तर सुधारने को आगे आये लविवि

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर राजभवन में किया सम्मानित

लखनऊ (एसएनबी)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन के प्रज्ञाकक्ष मे लखनऊ विश्वविद्यालय की नैक टीम के सदस्यों को नैक मूल्यांकन में 'ए' प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त होने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन मे यह उपलब्धि वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय है। उन्होंने इस अवसर पर कुलपति एवं नैक तैयारी के लिए गठित कमेटी के सदस्यों

प्रदेश में विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार राज्यपाल के प्रयासों का परिणाम : उपाध्याय

को बधाई दी और उन्हें इस उपलब्धि के लिए की गई तैयारियों को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से साझा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे आवश्यक सुधार करके राज्य के अन्य विश्वविद्यालय भी नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कर सकें

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा 'सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' की सशक्त भावना के साथ टीम वर्क करके ही विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी। आज ही बैठक मे राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के सभी सातो क्राइटेरिया पर तैयारी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित कमेटी के प्रत्येक सदस्य से तैयारी के अनुभवो, व्यवहार मे लाई गई गतिविधियों, नवाचारो और कार्य

राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में लविवि की नैक टीम के सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करतीं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल।

प्रतिबद्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा टीम के प्रत्येक सदस्य अपनी तैयारियों और कार्य व्यवहारों को लिखित रूप मे भी प्रस्तुत करें, एक बुकलेट बनवाएं और अन्य विश्वविद्यालयों का स्तर सुधारने के लिए दिशा-निर्देश दे जिससे वे भी नैक मे उच्च ग्रेड प्राप्त करने दिशा में आगे बढ़ सकें।

राज्यपाल ने कहा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में देश को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया है। उन्होंने वर्तमान कमेटी में नये शिक्षकों को जोड़ कर उन्हें भी इस दिशा में प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया, जिससे वे भी कार्य दक्षता प्राप्त कर सकें।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल को देते हुए कहा कि प्रदेश में उनके द्वारा विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे अथक प्रयासों का यह परिणाम है कि अब राज्य विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में अग्रणी श्रेणियों को प्राप्त करने लगे है।

इस मौके पर लविवि कुलपति आलोक कुमार राय ने इसे राज्यपाल के निर्देश मे बेहतर टीम वर्क के साथ अथक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा राजभवन से प्राप्त निर्देश, नैक मंथन कार्यशाला, पंजाब के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों का भ्रमण, वाराणसी में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की कार्यशाला का लाभ मिला और लविवि को बेहतर करके नैक की उच्चतम श्रेणी तक पहुंचाया जा सका। इस मौके अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, विशेषकार्याधिकारी राज्यपाल, विश्वविद्यालय की नैक तैयारियों के लिए गठित टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

एलयू : यूजी-पीजी के प्रवेश आवेदन अब 12 अगस्त तक

विवि ने फिर बढ़ाई आवेदन की तिथि, स्नातक के नंबर अपलोड करने की तिथि भी 12 तक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक, डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 12 अगस्त कर दी गई है। पहले यह 30 जुलाई थी। प्रवेश परीक्षाएं 15 अगस्त के बाद होंगी।

विवि प्रशासन ने कहा कि सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी हुआ है। इसे देखते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 अगस्त तक बढ़ा दी है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में जाकर सूचनाएं ले सकते हैं। फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा न जमा करें। हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक मदद ली जा सकती है। स्नातक आवेदन करने वाले फार्म में इंटर के नंबर भी 12 अगस्त तक भर दें।

नगर निगम डिग्री कॉलेज में प्रवेश आवेदन 10 तक : अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज में शनिवार को प्रवेश समिति की बैठक हुई। बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश आवेदन फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई से बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि फार्म वेबसाइट से ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्यालय से ले सकते हैं।

कृष्णा गर्ल्स कॉलेज में स्नातक प्रवेश जारी

कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बीए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, शारीरिक शिक्षा की 475 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्राचार्या प्रो. सारिका दुबे ने बताया कि अब तक हुए आवेदन के अनुसार, मेरिट जारी कर दी गई है। बची सीटों के लिए प्रवेश आवेदन जारी हैं। इच्छुक छात्राएं आवेदन कर सकती हैं।

कालीचरण में जारी हुई पहली मेरिट

कालीचरण पीजी कॉलेज ने स्नातक कोर्सों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट शनिवार को जारी कर दी। कॉलेज द्वारा अपनी वेबसाइट पर बीए, बीकॉम और बीकॉम ऑनर्स में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी की गई है। इसके अनुसार सामान्य वर्ग में 65 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश का मौका दिया गया है। वहीं, ओबीसी वर्ग में 60 फीसदी और एससी-एसटी में 55 फीसदी अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मौका दिया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार प्रवेश एक अगस्त से शुरू होगा।

परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं छह से, कोर्सों का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि में स्नातक के बाद अब परास्नातक परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार पीजी कोर्सों की परीक्षाएं छह अगस्त से शुरू की जा रही हैं। इसके अनुसार एमए एआईएच चौथे सेमेस्टर (सीबीसीएस) और एमए एआईएच चौथे सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं छह से 16 अगस्त तक सुबह नौ से 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

एमए हिंदी दूसरे सेमेस्टर छूटे छात्रों, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट की परीक्षा 16 से 22 अगस्त तक और एमए हिंदी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आठ अगस्त से 16 अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक होंगी। इसी क्रम में एमएससी केप्यूटर साइंस चौथे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व छूटे छात्रों की) परीक्षा छह से 13 अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक होंगी। मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट चौथे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्रों की) परीक्षा छह से 13 अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित होंगी। एमएससी बायो केमेस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 अगस्त तक और एमएससी बायो टेक्नोलॉजी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 अगस्त तक सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होंगी। एमए उर्दू चौथे सेमेस्टर (नियमित, छूटे छात्रों, बैक पेपर व इंप्रूवमेंट) की परीक्षा 13 से 24 अगस्त तक सुबह नौ से 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, बीपीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक से आठ अगस्त तक सुबह नौ से 12 बजे तक, एमपीएड चौथे सेमेस्टर की दो व चार अगस्त को, एमपीएड चौथे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की दो से छह अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान की परीक्षा आठ से

लविवि ने यूजी के भी कुछ विषयों के कार्यक्रम जारी किए हैं। इसके अनुसार बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 21 अगस्त तक और छठे सेमेस्टर की आठ से 19 अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। बीफार्मा दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा छह से 13 अगस्त तक सुबह नौ से 12 बजे तक आयोजित होंगी। बीए पब्लिक पॉलिसी छठे सेमेस्टर (नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्रों) की परीक्षा 16 से 24 अगस्त तक दोपहर दो से पांच बजे तक होंगी। बीए ऑनर्स एआईएच छठे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 20 अगस्त तक सुबह नौ से 12 बजे तक होंगी।

i-NEXT PAGE 4

एलयू ने एडमिशन के लिए बढ़ा दी लास्ट डेट

अब स्टूडेंट्स 12 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

LUCKNOW (30 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यूजी और पीजी में एडमिशन के लिए आवेदन करने की लास्ट डेट बढ़ा दी है. अब स्टूडेंट्स 12 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं. एलयू में यूजी व पीजी कोर्सेज में आवेदन की लास्ट डेट पहले 30 जुलाई थी. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि उन्होंने स्टूडेंट्स के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है. उनके मुताबिक, आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट एग्जाम के रिजल्ट काफी लेट घोषित हुए हैं. परिणाम आए अभी कुछ ही दिन हुए हैं. लिहाजा काफी स्टूडेंट्स आवेदन नहीं कर पाए हैं, इसलिए उनको आवेदन का मौका देने के लिए लास्ट डेट बढ़ाई है.

दोबारा फीस न जमा करें

यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्टूडेंट्स लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर एडमिशन के पेज में यूजी या पीजी एडमिशन पर जाकर एडमिशन सम्बन्धित सभी सूचनाए एडमिशन ब्रोशर से प्राप्त कर सकते हैं. एडमिशन फार्म स्टूडेंट्स मोबाइल के माध्यम से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ यूनिवर्सिटी का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं. फार्म भरने के पूर्व एडमिशन ब्रोशर में दी गई सभी सूचनाओं को ध्यान से अवश्य पढ़ लें.

राज्यपाल ने किया टीम का सम्मान

अन्य यूनिवर्सिटी को दिए अपना स्तर सुधारने के निर्देश

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (30 July): राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन में एलयू नैक टीम के सभी सदस्यों को मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया. कमेटी के सदस्यों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के लिए की गई तैयारियों को अन्य यूनिवर्सिटी के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे भी उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कर सकें. राज्यपाल ने प्रसन्नता जताई कि एलयू नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने वाला राज्य की पहली यूनिवर्सिटी है. उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास की सशक्त भावना के साथ टीम वर्क करके ही यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी. उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्य अपनी तैयारियों और कार्य व्यवहारों को लिखित रूप में भी प्रस्तुत करें, ताकि एक बुकलेट बनवाकर प्रदेश के अन्य यूनिवर्सिटी का स्तर सुधारने में सहायता मिले.

एलयू की नैक टीम के साथ राज्यपाल.

टीम वर्क का परिणाम

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल को देते हुए कहा कि प्रदेश में उनके द्वारा यूनिवर्सिटी में गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे अथक प्रयासों का यह परिणाम है कि अब राज्य यूनिवर्सिटी नैक मूल्यांकन में अग्रणी श्रेणियों को प्राप्त करने लगी हैं. उन्होंने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि अब वे अपने अनुभवों से प्रदेश के यूनिवर्सिटी को आगे बढ़ाएं.

12 अगस्त तक यूजी व पीजी में प्रवेश के लिए हो सकेगा आवेदन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि को 12 अगस्त तक बढ़ा दिया है। स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जुलाई थी, जिसे शनिवार को बढ़ाकर 12 अगस्त कर दिया गया है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सीबीएसई और आईएससी 12 वीं के परिणाम अभी जल्दी ही घोषित हुए है, इसलिए छात्रहित में निर्णय लेते हुए आवेदन तिथि को बढ़ाया गया है। रिजल्ट न आने से बड़ी संख्या में जो छात्र आवेदन नहीं कर पाए, वे 12 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। 12 वीं उत्तीर्ण कर चुके छात्र जो अंक अपलोड नहीं कर पाए हैं, वे 12 अगस्त तक वेबसाइट पर अंक अपलोड कर सकते हैं। लविवि में यूजी और पीजी की लगभग 1,200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

लविवि में सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के अनतर्गत शनिवार को 17 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि एमए एआईएच, हिन्दी, उर्दू के परीक्षा कार्यक्रम के साथ बीए आनर्स पब्लिक पॉलिसी, पॉलिटिकल साइंस, एमएससी कम्प्यूटर साइंस, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी, बीफार्मा का परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। साथ ही बीपीएड और एमपीएड का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम भी जारी हो गया है। परीक्षाएं प्रातः नौ से 12 बजे एवं अपराह्न दो बजे से पांच बजे की पाली में होंगी।

PIONEER PAGE 3

प्रदेश के विवि में देश को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता: आनंदीबेन

- नैक मूल्यांकन में 'ए' ग्रेड मिलने पर राज्यपाल ने लखनऊ विवि की नैक टीम के सदस्यों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय की नैक टीम कमेटी के सदस्यों को नैक मूल्यांकन में 'ए'. ग्रेड प्राप्त होने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय है। उन्होंने इस अवसर पर कुलपति एवं नैक तैयारी के लिए गठित कमेटी के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें इस उपलब्धि के लिए की गई तैयारियों को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से साझा करने के लिए प्रेरित किया, जिससे आवश्यक सुधार करके राज्य के अन्य विश्वविद्यालय भी नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा 'सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' की सशक्त भावना के साथ टीम वर्क करके ही विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी। आज ही बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल को देते हुए कहा कि प्रदेश में उनके द्वारा विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे अथक प्रयासों का यह परिणाम है कि अब राज्य विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में अग्रणी श्रेणियों को प्राप्त करने लगे है।

इस मौके पर लविवि कुलपति आलोक कुमार राय ने इसे राज्यपाल के निर्देश मे बेहतर टीम वर्क के साथ अथक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा राजभवन से प्राप्त निर्देश, नैक मंथन कार्यशाला, पंजाब के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों का भ्रमण, वाराणसी में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की कार्यशाला का लाभ मिला और लविवि को बेहतर करके नैक की उच्चतम श्रेणी तक पहुंचाया जा सका। इस मौके अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, विशेषकार्याधिकारी राज्यपाल, विश्वविद्यालय की नैक तैयारियों के लिए गठित टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम का सम्मान

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन तैयारी के लिए बनी कमेटी के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नैक से विश्वविद्यालय को ए प्लस प्लस ग्रेड मिला है। राज्यपाल ने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्य तैयारियों व कार्य व्यवहारों को लिखित में प्रस्तुत करें और बुकलेट बनवाएं, जिससे अन्य संस्थान भी प्रेरित हो। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने भी टीम को बधाई दी। कुलपति आलोक कुमार राय ने इसे राज्यपाल के निर्देशन में बेहतर टीम वर्क के साथ अथक मेहनत का परिणाम बताया • सौजन्य : राजभवन

JAGRAN CITY PAGE III

प्रो. एम सेराजुद्दीन बने जीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के शिक्षक प्रो. एम सेराजुद्दीन को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी पत्र के मुताबिक वरिष्ठता संबंधी विवाद के अंतिम निर्णय के अधीन विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए 31 जुलाई से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या कोई अन्य आदेश होने तक मान्य होगा। (जास)

वोकेशनल कोर्स की कक्षाएं एक अगस्त से

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के जिन छात्र-छात्राओं ने वोकेशनल कोर्स में सांख्यिकी विषय में इंट्रोडक्शन टू स्टेटिस्टिकल डेटा एनालिसिस-1 कोर्स चुना है, उनकी कक्षाएं एक अगस्त से शुरू होंगी। सांख्यिकी विभाग की ओर से इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी किया गया है। वोकेशनल कोर्स की कक्षाएं सांख्यिकी विभाग में स्नातक की समय सारिणी के अनुसार लगेंगी। (जास)

AMRIT VICHAR PAGE 4

विश्वविद्यालय अपना स्तर सुधारें : राज्यपाल

सम्मान

- ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर लखनऊ विश्वविद्यालय सम्मानित

अमृत विचार ब्यूरो

नैक मूल्यांकन में लविवि को ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर कुलपति को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नैक ग्रेड पाने की तैयारी में लगे विश्वविद्यालय अपना स्तर सुधारें। शनिवार को राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक में ए डबल प्लस ग्रेड मिलने पर सम्मानित करते हुए राज्यपाल ने यह बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में 'ए, प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय है। उन्होंने कुलपति व नैक तैयारी के लिए गठित कमेटी के सदस्यों को बधाई दी। साथ ही, इस उपलब्धि के लिए की गई तैयारियों को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से साझा करने की सलाह दी।

राज्यपाल ने कहा, 'सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास' की सशक्त भावना के साथ टीम वर्क करके ही विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि प्राप्त हो सकी है। बैठक में राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के सभी सात मापदंड पर तैयारी के लिए कमेटी के सदस्य से तैयारी के अनुभवों, व्यवहार में लाई गई गतिविधियों, नवाचारों और कार्य प्रतिबद्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्य अपनी तैयारियों और कार्य व्यवहारों को लिखित रूप में भी प्रस्तुत करें, एक बुकलेट बनवाएं और प्रदेश के संसाधनों व

JAGRAN CITY PAGE I & III

दैनिक जागरण के एजुकेशन फेस्ट-2022 का शानदार समापन, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को करियर चयन के दिए टिप्स

शैक्षिक संस्थान के चयन में ब्रांड का ध्यान रखें सभी विद्यार्थी

अभिभावक बच्चों के हौसले को दें उड़ान : प्रो. राय

नगरान के प्रज्ञाकक्ष का बोलते लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • जागरण

प्रो. आलोक कुमार राय ने एक छात्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वह मेकेनिकल से बीटेक करना चाहता था। पर घर्वालों ने कहा, इंजीनियर ही करना है तो सायन्टियर इंजीनियर बनो। बच्चे ने कहा, मुझे मेकेनिकल से ही इंजीनियरिंग करनी है, क्योंकि मुझे मशीनों से लगाव, उन्हें सफलता पसंद है। मशीनों से खेलने का सहज रुझान वाला विद्यार्थी का यह बच्चा आज देश-दुनिया का बड़ी कंपनी में काम कर रहा है। घर के अपने को छोड़कर यह बच्चे को जी रहा है। आशय यह है कि अभिभावक अपनी इच्छा बच्चों पर न डालें, उन्हें सहज होकर कॉलेज का चुनाव करने दें। निश्चित तौर पर वह बेहतर करके दिखाएंगे।

प्रायोजक और प्रतिभागी

एजुकेशन फेस्ट में मुख्य प्रायोजक बीएमसएसबी मेपोस्टेल यूनिवर्सिटी और सह प्रायोजक सोहा पब्लिकेशन और सेंट्रलेस्ट विवेक पब्लिशी है। बैंकिंग पार्टनर एसबीआइ है। प्रतिभागी लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज, निटी ता कालेज, अमोलिका इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, हिन्दाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एमएस इंस्टीट्यूट, संस्कृति कालेज, ता ज्ञ इंस्टीट्यूट, पालन एजुकेशन, विश्वास हॉर्ट, एमआर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन, इंटीमेट कम्युनिटी, इलेमेंस, रेस आइएएस, स्कूल ऑफ विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी, जनसिया आइएएस, कृष्णमोहन वालेज आफ मेडिकल साइंसेज, नेशनल पीजी वालेज और नेशनल वोमन है। इसके अलावा एक वर्टिकल स्पोंसर, कंटेंट पार्टनर ग्रुप वेंचरी, एजीजी वर्टिकल सीड इंक्यूबेटर फेसिलेटर ट्रस्ट व सिंडिकेट बैंक सहित रोमन एंड एसोसी एसोसी हैं।

अब 12 अगस्त तक यूजी, पीजी के आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने छात्रहित में फिर बढ़ाई आवेदन की तिथि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अंतिम रूप से स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब 12 अगस्त तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

लवि में दो अप्रैल से स्नातक व 11 अप्रैल से परास्नातक के आवेदन की शुरुआत की गई थी। इंटर के परिणाम न आने की वजह से लगातार तिथि बढ़ाई जा रही थी। इस बार 30 जुलाई को रात 12 बजे तक मौका था, लेकिन शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रहित में 12 अगस्त तक फिर आवेदन की समय सीमा में विस्तार कर दिया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्री